Class:-2nd, Hindi Reader
Copywork, पाठ - 2

शब्द - अर्थ

साल - वर्ष
नज़र - देखना
झुंझलाकर - गुस्से में

Class:-2nd, Hindi Reader Copywork, पाठ - 2

प्रश्न - उत्तर

1) अमर के नाना जी क्या लाए थे ?

उत्तर- अमर के नाना जी मिठाई लाए थे ।

2) अमर के पिता जी जब बाज़ार से लौटे, तो उनके हाथ में क्या था ?

उत्तर- अमर के पिता जी जब बाज़ार से लौटे, तो उनके हाथ में केलों का गुच्छा था ।

Copywork, पाठ - 2

प्रश्न - उत्तर

3) स्कूल न जाने के लिए अमर ने क्या बहाना बनाया?

उत्तर- स्कूल न जाने के लिए अमर ने बुखार का बहाना बनाया।

Class:-2nd, Hindi Reader
Copywork, पाठ - 2

श्रुतलेख

1) कंबल
2) मिठाई
3) बिलकुल
4) मक्खी
5) डॉक्टर
6) घीया
7) चुपचाप
8) कंधे

लिखित

2. प्रश्नों के उत्तर लिखो—

क. स्कूल न जाने के लिए अमर ने क्या बहाना बनाया?

ख. ठंडे बुखार के बारे में सुनकर माँ ने क्या किया?

ग. अमर के पिता और उसके नाना जी किसको लेने गए थे?

घ. अमर का ठंडा बुखार कैसे उतरा?

ङ. इस कहानी से आपने क्या सीखा?

3. किसने-किससे कहा?

कथन	किसने कहा?	किससे कहा?
क. "पता नहीं, आजकल कैसे-कैसे बुखार चल पड़े हैं।"	माँ ने	अमर से
ख. "देखो, बुखार तो ठीक हो गया। है न अमर?"	डॉक्टर ने	अमर से
ग. "अब कभी बुखार नहीं चढ़ेगा। कान पकड़े।"	अमर ने	डॉक्टर से

4. सही उत्तर पर ✓ लगाओ—

क. अमर कितने साल का था?

i. पाँच ☐ ii. आठ ☐ iii. सात ☑

ख. अमर स्कूल नहीं गया, क्योंकि उसे—

i. मलेरिया था ☐ iii. खाँसी थी ☐

ii. ठंडा बुखार था ☑

ग. नाना जी कौन-सी मिठाई लाए थे?

i. लड्डू ☐ ii. बरफ़ी ☐ iii. सोहन हलुआ ☑

इन पर विचार करो

- झूठ बोलने से क्या-क्या परेशानियाँ होती हैं? सोचो और बताओ।

प्रशंसा-योग्य

- झूठ मत बोलो, क्योंकि एक छोटा-सा झूठ भी एक बड़ी समस्या पैदा कर सकता है।

जानी-अनजानी बातें

- इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक गैलीलियो रसायनशास्त्री व गणितज्ञ थे। उन्होंने थर्मामीटर का आविष्कार किया था।
- थर्मामीटर बुखार मापने के काम आता है।

भाषा से

श्रुतलेख

बदपरहेज़ी, झुठलाता, झुँझलाना, तरकारी, बिलकुल, डॉक्टर

1. बिंदु (ं) और चंद्रबिंदु (ँ) के शब्द पाठ में से ढूँढ़कर लिखो-

ं – कंबल ....ठंडा........ ....पलंग........

ँ – मूँग ....माँ........ ....मुँह........

2. ड, ड़, ढ, ढ़, वर्णों से बने शब्दों के उदाहरण लिखो–

ड	– ठंडा	डंडा
ड़	– पकड़	घोड़ा
ढ	– ढक्कन	ढाबा
ढ़	– पढ़ा	पढ़ाई

3. शब्दों का क्रम सही करके सार्थक वाक्य लिखो–

क. का हाथ पकड़ा माँ ने घबराकर अमर।

माँ ने घबराकर अमर का हाथ पकड़ा।

ख. हाथ-पैर थोड़े गरम हो गए थे कंबल में दबे-दबे।

कंबल में दबे-दबे हाथ-पैर थोड़े गरम हो गए थे

ग. पर मक्खी बैठी है देखो माँ, मिठाई की टोकरी।

देखो माँ, मिठाई की टोकरी पर मक्खी बैठी है।

प्रस्तावित गतिविधियाँ

1. अमर की तरह क्या आपने कभी अपने माता-पिता से झूठ बोला है? यदि हाँ, तो कक्षा में अपने सहपाठियों को वह घटना बताइए।
2. अपनी पाँच अच्छाइयाँ कॉपी पर लिखकर अध्यापक / अध्यापिका को दिखाइए तथा कक्षा में पढ़कर सुनाइए।

हमने क्या सीखा

1. झूठ बोलने से न केवल अपना नुकसान होता है, अपितु आस-पास के लोगों पर भी आपका बुरा प्रभाव पड़ता है। ☐
2. सत्य और ईमानदारी को जीवन का आधार बनाना चाहिए। ☐